**दिनांक: 27 मई, 2022**

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के आय और व्यय का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2020-21

**(27 मई, 2022 तक)**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

पता: टी- 95 दूसरी मंजिल, सी एल हाउस,
गौतम नगर, दिल्ली – 110049
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011- 4165 4200

# सारांश

राजनीतिक दल विभिन्न स्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्त्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शिता लेखा प्रणाली के लिए आवश्यक है कि दलों सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करें |

भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों /महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी ऑडिट रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है | यह रिपोर्ट **वित्तीय वर्ष 2020-21** के दौरान **54 क्षेत्रीय दलों** में से **31 दलों** द्वारा पूरे भारत वर्ष से **प्राप्त कुल आय और खर्च का** विश्लेषण करती है जैसा कि दलों द्वारा चुनाव आयोग को प्रस्तुत किए गए अपने ऑडिट रिपोर्ट में घोषित किया गया है |

विश्लेषण किये गए दलों में आम आदमी पार्टी, असम गण परिषद्, एआईएडीएमके, एआईएफबी, एआईएमआईएम, एआईएनआरसी, बीजेडी, सीपीआई (एमएल) (एल), डीएमडीके, डीएमके, गोवा फॉरवर्ड पार्टी, जेडीएस, जेडीयू, जेकेपीडीपी, जेएमएम, केसी-एम, एमजीपी, एमएनएस, एनडीपीपी, एनपीएफ, पीडीए, पीएमके, आरएलडी, शिरोमणि अकाली दल, एसके-एम, टीडीपी, टीआरएस, वाईएसआर- कांग्रेस और जैडएनपी.

## क्षेत्रीय दलों द्वारा ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख: वित्तीय वर्ष 2020-21

- राजनीतिक दलों के लिए वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तारीख **31 अक्टूबर 2021** थी |
- **5** क्षेत्रीय दलों (एनपीएफ, पीडीए, आरएलडी, आम आदमी पार्टी और पीएमके) ने अपना ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा पर जमा किया था जबकि **26 दलों** ने अपने ऑडिट रिपोर्ट **1 दिन** से लेकर **144 दिनों** की देरी के बाद आयोग को प्रस्तुत किया |
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए, शेष **23 क्षेत्रीय दलों** के ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर आज की तारीख तक उपलब्ध नहीं हैं | इनमें **एजेएसयू, आरजेडी, समाजवादी पार्टी, बीपीएफ, जेकेएनसी और एआईयूडीफ** आदि प्रमुख दल शामिल हैं |
- इसलिए, यह रिपोर्ट **31** क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की आय और व्यय का विश्लेषण करती है, जिनका वित्तीय वर्ष 2020-21 का ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है |


| Regional Parties: Due date for submission: 31 Oct,'21 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of submission** | **No. of days by which delayed** |
| 1 | Naga Peoples Front | NPF | Submitted on time | 28 July 2021 | 0 Day |
| 2 | People's Democratic Alliance | PDA | Submitted on time | 9 September 2021 | 0 Day |
| 3 | Rashtriya Lok Dal | RLD | Submitted on time | 30 September 2021 | 0 Day |
| 4 | Aam Aadmi Party | AAP | Submitted on time | 14 October, 2021 | 0 Day |
| 5 | Pattali Makkal Katchi | PMK | Submitted on time | 25 October, 2021 | 0 Day |
| 6 | All India Forward Bloc | AIFB | **Submitted with delay** | 02 November, 2021 | **1 Day** |
| 7 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | **Submitted with delay** | 23 November 2021 | **22 Days** |
| 8 | Shiromani Akali Dal | SAD | **Submitted with delay** | 30 November 2021 | **29 Days** |
| 9 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | **Submitted with delay** | 10 December 2021 | **39 Days** |
| 10 | Kerala Congress (M) | KC-M | **Submitted with delay** | 16 December 2021 | **45 Days** |

| Regional Parties: Due date for submission: 31 Oct,'21 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Political Party | Party Code | Status of submission | Date of submission | No. of days by which delayed |
| 11 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | Submitted with delay | 22 December, 2021 | 51 Days |
| 12 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | JKPDP | Submitted with delay | 27 December 2021 | 56 Days |
| 13 | Jharkhand Mukti Morcha | JMM | Submitted with delay | 31 December 2021 | 60 Days |
| 14 | Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | Submitted with delay | 3 January 2022 | 63 Days |
| 15 | Communist Party of India (Marxist-Leninist) (Liberation) | CPI(ML) (L) | Submitted with delay | 11 January 2022 | 71 Days |
| 16 | Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | Submitted with delay | 11 January 2022 | 71 Days |
| 17 | Telangana Rashtra Samithi | TRS | Submitted with delay | 11 January 2022 | 71 Days |
| 18 | Biju Janata Dal | BJD | Submitted with delay | 14 January 2022 | 74 Days |
| 19 | Telugu Desam Party | TDP | Submitted with delay | 14 January 2022 | 74 Days |
| 20 | Zoram Nationalist Party | ZNP | Submitted with delay | 25 January 2022 | 85 Days |
| 21 | Asom Gana Parishad | AGP | Submitted with delay | 11 February, 2022 | 102 Days |
| 22 | All India N.R. Congress | AINRC | Submitted with delay | 12 February, 2022 | 103 Days |
| 23 | All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen | AIMIM | Submitted with delay | 14 February, 2022 | 105 Days |
| 24 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | Submitted with delay | 15 February, 2022 | 106 Days |
| 25 | Janata Dal (Secular) | JDS | Submitted with delay | 15 February, 2022 | 106 Days |
| 26 | Maharashtrawadi Gomantak | MGP | Submitted with delay | 17 February, 2022 | 108 Days |
| 27 | Shiv Sena | SHS | Submitted with delay | 17 February, 2022 | 108 Days |
| 28 | Sikkim Democratic Front | SDF | Submitted with delay | 18 February, 2022 | 109 Days |
| 29 | Goa Forward Party | GFP | Submitted with delay | 28 February, 2022 | 119 Days |
| 30 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-Congress | Submitted with delay | 14 March 2022 | 133 Days |
| 31 | Janata Dal (United) | JDU | Submitted with delay | 25 March, 2022 | 144 Days |
| 32 | AJSU Party | AJSU Party | - | - | 208 Days |
| 33 | All India United Democratic Front | AIUDF | - | - | 208 Days |
| 34 | Bodoland Peoples Front | BPF | - | - | 208 Days |
| 35 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | - | - | 208 Days |
| 36 | Indian National Lok Dal | INLD | - | - | 208 Days |
| 37 | Indian Union Muslim League | IUML | - | - | 208 Days |
| 38 | Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | - | - | 208 Days |
| 39 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | - | - | 208 Days |
| 40 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | - | - | 208 Days |
| 41 | Jannayak Janta Party | JJP | - | - | 208 Days |
| 42 | Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC(J) | - | - | 208 Days |
| 43 | Lok Jan Shakti Party | LJSP | - | - | 208 Days |
| 44 | Mizo National Front | MNF | - | - | 208 Days |
| 45 | Mizoram People's Conference | MPC | - | - | 208 Days |
| 46 | People's Democratic Front | PDF | - | - | 208 Days |
| 47 | People's Party of Arunachal | PPA | - | - | 208 Days |
| 48 | Rashtriya Janata Dal | RJD | - | - | 208 Days |
| 49 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | - | - | 208 Days |
| 50 | Rashtriya Loktantrik Party | RLP | - | - | 208 Days |
| 51 | Revolutionary Socialist Party | RSP | - | - | 208 Days |
| 52 | Samajwadi Party | SP | - | - | 208 Days |

| Regional Parties: Due date for submission: 31 Oct,'21 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Political Party | Party Code | Status of submission | Date of submission | No. of days by which delayed |
| 53 | United Democratic Party | UDP | - | - | 208 Days |
| 54 | United People's Party, Liberal | UPP,L | - | - | 208 Days |


## क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित कुल आय : वित्तीय वर्ष-2020-21

- वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान **31 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 529.416 करोड़** थी |
- **डीएमके** ने सबसे अधिक **रु 149.95 करोड़** की आय घोषित की है जो **31 दलों** की कुल आय का **28.324%** है इसके बाद **वाईएसआर- कांग्रेस** की कुल आय **रु 107.99 करोड़** (दलों की कुल आय का **20.398%)** और **बीजेडी** ने अपनी कुल आय **रु 73.347 करोड़** घोषित की है, जो सभी **31 दलों** की कुल आय का **13.854%** है |
- शीर्ष **5 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय मिलाकर **रु 434.255 करोड़** है जो 31 दलों की कुल आय का **82.03%** है |




## क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित वित्तीय वर्ष 2019-20 और 2020-21 के बीच की आय की तुलना

- चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध **29** क्षेत्रीय दलों के दो साल के ऑडिट रिपोर्ट से पता चलता है की **10 दलों** ने वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान अपनी आय में **वृद्धि** दर्शायी है जबकि **19 दलों** ने अपनी आय **कम घोषित** की है | (**अनुबंध एक** को देखें)
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, **29 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय **रु 800.264 करोड़** थी जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में **34.96%** (279.775 करोड़) घटकर **रु 520.492 करोड़** हो गयी |
- **डीएमके** ने वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में इस साल (वित्तीय वर्ष 2020-21) **रु 85.046 करोड़** की आय अधिक दिखाई है इसके बाद **जेडीयू** ने **रु 41.956 करोड़** और वाईएसआर-कांग्रेस ने **रु 15.251 करोड़** की आय में वृद्धि घोषित की है |





## क्षेत्रीय दलों द्वारा खर्च नहीं की गयी आय : वित्तीय वर्ष 2020-21

- वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, **17 दलों** ने अपनी आय से **कम खर्च** किया है जबकि **14 दलों** ने अपनी एकत्रित आय से **अधिक खर्च घोषित** किया है |
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए, **वाईएसआर-कांग्रेस** ने अपने कुल आय का **99.25% बीजेडी** ने **90.44%** और **एआईएमआईएम** ने **88.02%** की आय खर्च नहीं किया है |
- इन 14 राजनीतिक दलों (डीएमके, एआईडीएमके, टीडीपी, जेडीएस, सीपीआई (एमएल) (एल), पीएमके, एसके-एम, जेएमएम, आरएलडी, एजीपी, जैडएनपी, एनपीएफ, एसडीएफ और जेकेपीडीपी) ने अपनी आय से **अधिक खर्च** किया है | **टीडीपी** ने अपने ऑडिट रिपोर्ट में आय से **रु 51.517 करोड़** (1584.16%) अधिक खर्च दर्शाया है |


## क्षेत्रीय दलों का कुल व्यय : वित्तीय वर्ष 2020-21


- वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान **31 क्षेत्रीय दलों** की कुल खर्च **रु 414.028 करोड़** थी |
- शीर्ष **5 दलों** ने कुल मिलाकर **रु 362.321 करोड़** खर्च किये जो **31 राजनीतिक दलों** के कुल खर्च का **87.51%** था |
- सबसे ज्यादा खर्च करने वाले शीर्ष **5 क्षेत्रीय दलों** में **डीएमके** ने **रु 218.49 करोड़** (31 दलों के कुल खर्च का **52.77%)** का खर्च घोषित किया है | इसके बाद **टीडीपी** ने **रु 54.769 करोड़** (31 दलों के कुल खर्च का **13.23%**), **एआईडीएमके** ने **रु 42.367 करोड़** (31 दलों के कुल खर्च का **10.23%)**, **जेडीयू** ने **रु 24.347 करोड़** (31 दलों के कुल खर्च का **5.88%)** और **टीआरएस** ने **रु 22.348 करोड़** (31 दलों के कुल खर्च का **5.40%)** का खर्च दर्शाया है |




## क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित सभी आय के स्त्रोत : वित्तीय वर्ष 2020-21

- वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, 31 क्षेत्रीय दलों ने **स्वैच्छिक योगदान** (दान और चुनावी बांड्स) से कुल **71.19%** (रु 376.865 करोड़) की आय अर्जित की है |
- 31 क्षेत्रीय दलों ने कुल मिलाकर **रु 250.60 करोड़** (31 दलों की कुल आय का **47.34%**) की राशि **चुनावी बांड्स** के माध्यम से प्राप्त किया है जबकि अन्य दान से दलों को **रु 126.265 करोड़** (31 दलों की कुल आय का **23.85%**) की राशि मिली है |
- 31 क्षेत्रीय दलों में से केवल **5 दलों** ने ही कुल मिलाकर **रु 250.60 करोड़** की धनराशि **चुनावी बांड्स** से दर्शाया है |
- **बैंकों से ब्याज** के माध्यम से **31 क्षेत्रीय दलों** ने कुल मिलाकर **15.99%** या **रु 84.64 करोड़** की आय प्राप्त की है |






## एडीआर की अवलोकन

- **26 दलों** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **1 दिन** से लेकर **144 दिनों** की देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया था जबकि **23 क्षेत्रीय दलों** के ऑडिट रिपोर्ट **208 दिनों** के बाद भी (दिनांक -27 मई 2022 तक) आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं |
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के विश्लेषण से पता चलता है की **31 क्षेत्रीय दलों** की कुल आय में से **रु 250.60 करोड़** (31 दलों की कुल आय का **47.34%**) की आय **चुनावी बांड्स** के माध्यम से प्राप्त हुई है, जो **गुमनाम** है तथा इन दान दाताओं की पहचान **सार्वजनिक तौर से प्रकट नहीं** की जाती है |
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 31 क्षेत्रीय दलों का मुख्य खर्च **चुनाव व्यय, प्रशासनिक और सामान्य व्यय** है |
- जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) ने अनुदान/दान/योगदान के अंतर्गत **सदस्ता शुल्क** और **अन्य शुल्क** की घोषणा की है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, सात राष्ट्रीय दलों की वार्षिक आय में 62% (रु 2993.826 करोड़) से अधिक दानराशि **चुनावी बांड** के माध्यम से आयी है | जिन दानदाताओं ने चुनावी बांड के माध्यम से दान दिया है उनकी पहचान सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं होती है | अभी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है की केवल **14 क्षेत्रीय दलों** (टीआरएस, टीडीपी, वाईएसआर-कांग्रेस, बीजेडी, डीएमके, शिवसेना, आम आदमी पार्टी, जेडीयू, समाजवादी पार्टी, जेडीएस, शिरोमणि अकाली दल, एआईडीएमके, आरजेडी और जेएमएम) ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम **रु 447.498 करोड़** का चंदा प्राप्त करने कि घोषणा की है जो 42 क्षेत्रीय दलों के कुल आय का **50.97%** है |
- एडीआर के आरटीआई आवेदन के जवाब में एसबीआई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान राजनीतिक दलों ने **रु 324.36 करोड़** के चुनावी बांड का नकदीकरण किया था | विश्लेषण किये गए **31 क्षेत्रीय दलों** में से केवल 5 दलों (वाईएसआर-कांग्रेस- **रु 96.25 करोड़**, डीएमके- **रु 80.00 करोड़**, बीजेडी- **रु 67.00 करोड़**, आम आदमी पार्टी- **रु 5.95 करोड़** और जेडीयू- **रु 1.40 करोड़**) ने ही चुनावी बांड्स के माध्यम से **रु 250.60 करोड़** की दानराशि घोषित की है |

- वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, 31 क्षेत्रीय दलों में से केवल **जेडीएस** ने ही **कूपन के बिक्री** के माध्यम से **रु 4.6855 करोड़** की आय घोषित की है |
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए, सभी राष्ट्रीय दलों में से केवल **बीजेपी** का ही ऑडिट रिपोर्ट (रिपोर्ट को तैयार करते समय) चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |

- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (75 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 75 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- वित्त विधेयक 2017 के अनुसार इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 13A में यह संशोधन किया गया था की सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों को कर में छूट दी जाएगी "बशर्ते वो राजनीतिक दल जो अपने पिछले साल का आयकर विवरण (ऑडिट रिपोर्ट) एक निश्चित प्रारूप में नियमित तारीख तक आयकर विभाग को जमा करता है" | इस प्रकार जो दल निर्धारित तारीख पर या उससे पहले अपना ऑडिट रिपोर्ट आयकर विभाग को जमा नहीं करता है ऐसे दलों को कर में छूट नहीं देनी चाहिए और इनकी मान्यता भी रद्द कर देनी चाहिए |
- चुनावी बॉन्ड्स ने चुनावी फंडिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी को रोककर नागरिकों के मौलिक 'जानने का अधिकार' का उल्लंघन किया है | इस तरह कि अपारदर्शिता बड़े सार्वजनिक हित की कीमत पर है और पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल सिद्धांतों के लिए एक गंभीर झटका है इसलिए चुनावी बॉन्ड्स योजना, 2018 को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए |
- चुनाव आयोग/सीबीडीटी/ कैग या अन्य किसी संबंधित संस्थान को यह देखरेख करने की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए कि चुनावी बांड के नकदीकरण और दलों द्वारा चुनावी बॉन्ड के माध्यम से प्राप्त दान के मूल्य में कोई भिन्नता तो नहीं है और केवल योग्य राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड्स से दान प्राप्त हो रहा है |
- राजनीतिक दलों को **सूचना के अधिकार** के तहत अपने वित्त सबंधित सभी जानकारी प्रदान करनी चाहिए जो राजनीतिक दलों, चुनावों और लोकतंत्र को मजबूत करेगा |
- आईसीएआई के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को आयकर विभाग द्वारा जाँच किया जाना चाहिए |

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा आयकर विभाग और भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के वेबसाइट में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीएआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट और योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

## सम्पर्क


| **Media and Journalist Helpline**<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)**<br>Head<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | **Prof Jagdeep Chhokar**<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>jchhokar@gmail.com | **Prof Trilochan Sastry**<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gmail.com |
|---|---|---|---|


## अनुबंध – 1

| Regional Parties' Audit report status as per ECI website: FY 2019 -20 and 2020-21 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Financial Year 2019-20** | **Financial Year 2020-21** |
| 1 | Naga Peoples Front | **NPF** | Submitted | Submitted |
| 2 | People's Democratic Alliance | **PDA** | Submitted | Submitted |
| 3 | Rashtriya Lok Dal | **RLD** | Submitted | Submitted |
| 4 | Aam Aadmi Party | **AAP** | Submitted | Submitted |
| 5 | Pattali Makkal Katchi | **PMK** | Submitted | Submitted |
| 6 | All India Forward Bloc | **AIFB** | Submitted | Submitted |
| 7 | Shiromani Akali Dal | **SAD** | Submitted | Submitted |

| Regional Parties' Audit report status as per ECI website: FY 2019 -20 and 2020-21 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.No. | Political Party | Party Code | Financial Year 2019-20 | Financial Year 2020-21 |
| 8 | Sikkim Krantikari Morcha | **SKM** | Submitted | Submitted |
| 9 | Kerala Congress (M) | **KC-M** | Submitted | Submitted |
| 10 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | **AIADMK** | Submitted | Submitted |
| 11 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | **JKPDP** | Submitted | Submitted |
| 12 | Jharkhand Mukti Morcha | **JMM** | Submitted | Submitted |
| 13 | Dravida Munnetra Kazhagam | **DMK** | Submitted | Submitted |
| 14 | Nationalist Democratic Progressive Party | **NDPP** | Submitted | Submitted |
| 15 | Telangana Rashtra Samithi | **TRS** | Submitted | Submitted |
| 16 | Biju Janata Dal | **BJD** | Submitted | Submitted |
| 17 | Telugu Desam Party | **TDP** | Submitted | Submitted |
| 18 | Zoram Nationalist Party | **ZNP** | Submitted | Submitted |
| 19 | Asom Gana Parishad | **AGP** | Submitted | Submitted |
| 20 | All India N.R. Congress | **AINRC** | Submitted | Submitted |
| 21 | All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen | **AIMIM** | Submitted | Submitted |
| 22 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | **DMDK** | Submitted | Submitted |
| 23 | Janata Dal (Secular) | **JDS** | Submitted | Submitted |
| 24 | Maharashtrawadi Gomantak | **MGP** | Submitted | Submitted |
| 25 | Shiv Sena | **SHS** | Submitted | Submitted |
| 26 | Sikkim Democratic Front | **SDF** | Submitted | Submitted |
| 27 | Goa Forward Party | **GFP** | Submitted | Submitted |
| 28 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | **YSR-Congress** | Submitted | Submitted |
| 29 | Janata Dal (United) | **JDU** | Submitted | Submitted |
| 30 | AJSU Party | AJSU Party | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 31 | All India United Democratic Front | AIUDF | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 32 | Bodoland Peoples Front | BPF | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 33 | Indian National Lok Dal | INLD | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 34 | Indian Union Muslim League | IUML | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 35 | Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 36 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 37 | Jannayak Janta Party | JJP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 38 | Lok Jan Shakti Party | LJSP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 39 | Mizo National Front | MNF | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 40 | Mizoram People's Conference | MPC | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 41 | Rashtriya Janata Dal | RJD | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 42 | Rashtriya Loktantrik Party | RLP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 43 | United Democratic Party | UDP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 44 | Samajwadi Party | SP | Submitted | **Not available on the ECI website** |
| 45 | Communist Party of India (Marxist-Leninist) (Liberation) | CPI(ML) (L) | **Not available on the ECI website** | Submitted |
| 46 | Maharashtra Navnirman Sena | MNS | **Not available on the ECI website** | Submitted |
| 47 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 48 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 49 | Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC(J) | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |
| 50 | People's Democratic Front | PDF | **Not available on the ECI website** | **Not available on the ECI website** |

| Regional Parties' Audit report status as per ECI website: FY 2019 -20 and 2020-21 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S.No. | Political Party | Party Code | Financial Year 2019-20 | Financial Year 2020-21 |
| 51 | People's Party of Arunachal | PPA | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 52 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 53 | Revolutionary Socialist Party | RSP | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |
| 54 | United People's Party, Liberal | UPP,L | Not available on the ECI website | Not available on the ECI website |